प्रेस नोट

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 08.10.2024

➢ **थाना मीरापुर पुलिस द्वारा 01वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 08.10.2024 को थाना सिखेड़ा पर नियुक्त उ0नि0 श्री ललित कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 159/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम में वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र सलवेन्द्र निवासी ग्राम विष्णुपुर थाना मजगई, लखीमपुर हाल निवासी ग्राम कैलापुर, जसमौर थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **थाना मीरापुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 08.10.2024 को थाना मीरापुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री ललित कुमार मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त रणवीर पुत्र इलम सिंह निवासी ग्राम छछरपुर थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 160/2024 धारा 4/25 आयुध पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना मीरापुर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 08.10.2024 को थाना मीरापुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री वीरेन्द्र कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 157/2024 धारा 304(2) बीएनएस व मु0अ0सं0- 158/2024 धारा 109 बीएनएस में वांछित अभियुक्त फुरकान पुत्र एहसान निवासी मौहल्ला मुश्तर्क कस्बा व थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना तितावी पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 08.10.2024 को थाना प्रभारी तितावी श्री मानवेन्द्र सिंह भाटी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 178/2024 धारा 147/201/302 भादवि में वांछित अभियुक्तगण 1- रजनीश उर्फ

छोटा पुत्र रमेशचन्द 2- मुकुल पुत्र सुभाष निवासीगण ग्राम अलीपुर कलां थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को लालूखेड़ी से ग्राम साल्हाखेड़ी की तरफ तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से घटना में प्रयुक्त शराब की खाली बोतल व जहरीले पदार्थ का पैकेट बरामद किया गया।

➢ **<u>थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 08.10.2024 को थाना मंसूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 8 इन्द्रजीत सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 1504/10 धारा 324/504 भादवि में वारन्टी अभियुक्त मिन्टू पुत्र वीरू निवासी ग्राम लच्छेड़ा थाना मंसूरपुर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **<u>थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 01 अभियुक्ता सहित 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 08.10.2024 को सिटी मजिस्ट्रेट श्री विकास कश्यप सहायक पुलिस अधीक्षक श्री व्योम बिंदल, प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाईन श्री आशुतोष सिंह, महिला थाना प्रभारी संगीता डागर मय हमराहीगण द्वारा कैफे के संचालन की आड में वेश्यावृति कराने वाले अभियुक्तगण 1- रूखसाना बेगम पत्नि मनीष शर्मा 2- मनीष शर्मा पुत्र जोगेन्द्र शर्मा निवासीगण 981 साउथ सिविल लाईन थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर 3- सूर्य सैनी पुत्र महेश सैनी निवासी कुंगर पट्टी सूजडु थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को स्वरूप स्कवायर शॉपिंग सेन्टर निकट महावीर चौक से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0- 306/2024 धारा 318(4) बीएनएस व 3/4/5/7 अनैतिक देह व्यापार अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **<u>थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा अवैध पटाखे व पटाखा निर्माण करते हुए 01 अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 08.10.2024 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि श्री रामसमुझ राणा मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त शाहबाज पुत्र शाहनवाज निवासी मौहल्ला शेखजादगान कस्बा व थाना पुरकाजी को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 91 किग्रा0 पटाखे व पटाखे निर्माण की सामग्री बरामद की गयी।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0- 206/2024 धारा 9बी(1)(ए) विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **<u>थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध पटाखे सहित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 08.10.2024 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित कुमार मय हमराहीगण द्वारा 02 अभियुक्तगण 1. संजय कुमार पुत्र स्व0 महावीर प्रसाद निवासी गाँधी कालोनी निकट वारात घर पचेडा थाना नई मण्डी मुजफ्फरनगर 2. पप्पु उर्फ सतीश पुत्र केसोदास निवासी नवावगज पश्चिमी नवांवगज थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को बी मार्ट के सामने दाल मण्डी में छोटी गली के अन्दर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 36 डिब्बे पटाखे max brand kungfu, 96 डिब्बे पटाखे 28 chrosackers, 24 पैकिट कलर मेचिस मोगा, 5 पैकिट असरफी अनार, 2 पैकिट मेजिर कलर सोट कोर शेयर कम्पनी, 4 पैकिट छुट्टू पुट्टू कलर क्रेकर, 1 पैकिट स्काई शोट क्रेकिंग वार, 49 पैकिट रेड फ्लश रोल्स कोप्स ,16 पैकिट मेजिक कलर सोट, 4 पैकिट सिंगल स्काई सोट लेला मजनू मार्का, 10 पैकिट अनार चकरी , 2 पैकिट बबल पार्टी, 3 पैकिट मल्टी कलर, 15 पैकिट अनार रोबोट डिलक्स ब्राण्ड, 4 पैकिट पटाका पैरट्र मार्का, 25 पैकिट मुर्गा छापा, 20 पैकिट मारूती मार्का पटाका, 7 पैकिट कलाकी बम , 3 पैकिट सुपर कलर पाउडेशन पटाखे बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तार व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 408/24 धारा 9बी(1)(ए) विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।